| |
|---|
| दिनांक 26.08.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 34/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद हापुड़/थाना पिलखुवा</u>**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटा गया कैंटर ट्रक**
- **घटना में प्रयुक्त 01 वैगनार कार बरामद**

दिनांक 25.08.2024 को थाना पिलखुवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शुभ नर्सिग होम के पास से 06 अभियुक्तों 1–प्रदीप पुत्र चन्द्रभान 2–अनिल 3–संदीप 4–प्रदीप पुत्र हरेन्द्र 5–महावीर 6–गौरव को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटा गया कैंटर ट्रक, घटना में प्रयुक्त 01 वैगनार कार बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना पिलखुवा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद कैंटर ट्रक लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–प्रदीप पुत्र चन्द्रभान निवासी रहमापुर सावली थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

2–अनिल निवासी रहमापुर सावली थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

3–संदीप निवासी रहमापुर सावली थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

4–प्रदीप पुत्र हरेन्द्र निवासी रहमापुर सावली थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

5–महावीर निवासी रहमापुर सावली थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

6–गौरव निवासी ग्राम मनडौना जाफराबाद थाना बीबी नगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–लूटा गया कैंटर ट्रक।

2–घटना में प्रयुक्त 01 वैगनार कार।

## जनपद हापुड़/थाना हाफिजपुर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 04 लाख रूपये कीमत के चोरी के आभूषण**
- **चोरी के 15 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **चोरी करने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 26.08.2024 को थाना हाफिजपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर तुमरैल चौराहा के पास से 02 अभियुक्तों 1–इमरान 2–अमित को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 04 लाख रूपये कीमत के चोरी के आभूषण, चोरी के 15 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), चोरी करने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना हाफिजपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हाफिजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त इमरान शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद हापुड़, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 21 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इमरान निवासी ग्राम जारचा एनटीपीसी रोड थाना जारचा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–अमित निवासी ग्राम खेडी भनौता थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–लगभग 04 लाख रूपये कीमत के चोरी के आभूषण।

2–चोरी के 15 हजार रूपये नगद।

3–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

4–चोरी करने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद फतेहपुर/थाना जहानाबाद

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 26.08.2024 को थाना जहानाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मुगल रोड पर चेकिंग के दौरान बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त राजा उर्फ दन्ना घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद फतेहपुर के थाना जहानाबाद पर सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राजा उर्फ दन्ना निवासी रज्यौडा कस्बा व थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**जनपद मेरठ/थाना गंगानगर**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 26.08.2024 को थाना गंगानगर व थाना इंचौली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिखेड़ा गॉव के पास मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त आकाश उर्फ गोली उर्फ गोलू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही पर 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना गंगानगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आकाश उर्फ गोली उर्फ गोलू निवासी ग्राम जलालपुर थाना इंचौली जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल ।

2—01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद फिरोजाबाद/थाना उत्तर**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 25.08.2024 को थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बैदी पुलिया के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मेहताब आलम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना उत्तर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मेहताब आलम निवासी हुगली, पश्चिम बंगाल।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद फतेहपुर/थाना खागा**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 04 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 26.08.2024 को थाना खागा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कटोघन के पास से 02 अभियुक्तों 1—सादिक उर्फ राजा 2—संजय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 04 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना खागा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सादिक उर्फ राजा निवासी सलेमपुर थाना खागा जनपद फतेहपुर।

2–संजय निवासी प्रेम नगर थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 04 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

| |
|---|
| दिनांक 26.08.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 35/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया

मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रभु श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया तथा प्रदेश वासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं मंगल शुभकामनाएं दी गयी।

इस अवसर पर मुख्य सचिव उ0प्र0 श्री मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री प्रशान्त कुमार द्वारा मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 को भगवान श्रीकृष्ण जी की प्रतिमा एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया।

उक्त कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश के मा0 उप मुख्यमंत्री व शासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें।

तत्पश्चात **श्री प्रशान्त कुमार** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा पुलिस टेलीकॉम मुख्यालय महानगर, 35 बटालियन पीएसी महानगर एवं थाना गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर पूजा अर्चना की गयी तथा पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं दी गयी।






जन्मोत्सव
का




सांस्कृतिक संध्या


श्री कृष्ण जन्मोत्सव







